वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 272 | शनिवार 28 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### सीएम अशोक गहलोत बोले

## मेरे पिछले कार्यकाल की बदौलत 2018 में सत्ता मिली



### अब विधानसभा चुनाव में 156 सीट जीतने के लिए उतरेंगे

**जयपुर. कासं।** सीएम अशोक गहलोत ने एक बार फिर विरोधियों पर हमला किया है। गणतंत्र दिवस पर मीडिया से बातचीत में सीएम ने कहा- विधानसभा चुनाव में 156 सीट जीतने के लिए उतरेंगे। 2018 में कांग्रेस की सत्ता में वापसी मेरे पिछले कार्यकाल में किए कामों की बदौलत हुई थी। 1998 में 156 सीटों के साथ हमने सरकार बनाई थी, तब मैं पीसीसी अध्यक्ष था। इस कार्यकाल के अब तक चारों बजट शानदार आए हैं। हमारी कोशिश है इस बार का बजट भी शानदार आए। हमारी योजनाओं पर कई राज्य सरकारें तो बात कर रही हैं। राइट टू हेल्थ पर सीएम ने कहा प्राइवेट सेक्टर को खुश करने के लिए भाजपा बिल का विरोध कर रही है, लेकिन हम इसे प्राइवेट सेक्टर को विश्वास में लेकर आगे बढ़ेंगे। सरकार और प्राइवेट सेक्टर आपस में मिल कर ही सेवा का संकल्प पूरा कर सकते हैं। सरकार उनके खिलाफ नहीं है। उनके वाजिब सुझाव स्वीकार करेंगे। हमारे लिए कोई प्रतिष्ठा का सवाल नहीं है कि बिल लाएं और थोप दें। प्राइवेट सेक्टर से मैं फिर अपील करना चाहूंगा कि उन्हें आगे आना चाहिए।

# गणतंत्र दिवस पर राजभवन में एट होम आयोजित



**जयपुर. कासं**

देश के 74वें गणतंत्र दिवस पर गुरूवार सायं राजभवन में एट होम आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्यजन सम्मिलित हुए। एट होम समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र से अतिथियों ने मुलाकात कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, विभिन्न आयोगों के पदाधिकारी, सांसद, विधायकों सहित जनप्रतिनिधि, कुलपति, प्रशासन, पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और विशिष्टजन उपस्थित थे।

# हुसैन बंधुओं ने मसाला चौक पर सजाई संगीत की महफिल

### पद्मश्री की घोषणा के बाद पहला पब्लिक कॉन्सर्ट, भजन से शुरूआत, गजल से खास बनाई शाम

**जयपुर. कासं**

रात्रि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को रामनिवास बाग स्थित मसाला चौक में पर्यटन विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से शाम ए - गजल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जयपुर के अंतरराष्ट्रीय ख्यातनाम हुसैन बंधुओं उस्ताद अहमद-मोहम्मद हुसैन ने अपनी पुरकशिश आवाज में एक के बाद एक बेहतरीन गजलें सुनाकर जयपुर वासियों के लिए शाम यादगार बना दी। हुसैन बंधुओं ने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना 'गाइए गणपति जगवंदन' से की। इसके बाद गजलों का बेहतरीन गुलदस्ता गुलाबीनगर वासियों के सामने पेश किया। हुसैन बंधुओं ने 'मैं हवा हूं, कहां वतन मेरा', चल मेरे साथी चल,चल मेरी जान ए गजल,



मुसाफिर है हम तो हमारा ठिकाना गुलाबी नगर है, 'मौसम आएंगें जाएंगे' और जनता की बेहद मांग पर अपनी सुप्रसिद्ध गजल ' नजर मुझसे मिलाती हो तुम, तो शरमा सी जाती हो' सुनाकर जनता की भरपूर दाद बटोरी। शाम-ए- गजल कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ रश्मि शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल, संयुक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग सुमिता सरोच व विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने हुसैन बंधुओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। वहीं पर्यटन विभाग के निदेशक डॉ रश्मि शर्मा ने हुसैन बंधुओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव राठौड़ ने हुसैन बंधुओं पदमश्री सम्मान से नवाजे जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा की पर्यटन विभाग अपने कार्यक्रमों के जरिए प्रदेश में घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन सालेहा गाजी ने किया। सारंगी पर साबिर खान, तबले पर शफत हुसैन, कीबोर्ड पर रहबर हुसैन गिटार पर पवन बालोदिया और इलेक्ट्रिक बोर्ड पर सुखदेव प्रसाद में हुसैन बंधुओं के साथ संगत की।

# आचार्य सुनील सागर की अगवानी में उमड़ा मानसरोवर का सागर





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

देश के 74 वें गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी के पावन अवसर शहर के मानसरोवर स्थित वरुण पथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य सुनील सागर महाराज सहित 40 से अधिक मुनिराजो और आर्यिका माताजी का भव्य शोभायात्रा के साथ अपार जनसमुदाय की भक्तिमय अगवानी में शाम 5.15 बजे मंगल प्रवेश हुआ। जिनालय के दर्शन पश्चात धर्मसभा आयोजित हुई जिसका शुभारंभ समाजसेवी सुरेशचंद कनक लता जैन बांदीकुई वालों और विनय सौगानी द्वारा भगवान महावीर स्वामी के सम्मुख चित्र अनावरण और दीप प्रवज्जलन कर किया। इसके उपरांत आचार्य सुनील सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित किया।

**मानसरोवर वो होता है जहां हंस पाए जाते है, श्रावक भी हंस की जिनवाणी के मोती चुगकर अपना जीवन उज्वल बनाते है - आचार्य श्री सुनील सागर जी**

आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा ₹ जब बसंत आता है तो प्रकृति मुस्कुराती है और जब नगर में संत आते है तो संस्कृति महक जाती है, खिल जाती है। संत आते है तो समाज मे, नगर में सुख, शांति, समृद्धि और सुसंस्कारों की लहर दौड़ जाती है।मानसरोवर वो होता है जहां हंस जाते है, पाए जाते है तो यह श्रमण जो कि अध्यात्म जगत के राज हंस होते है और इनके आदर्शों पर चलकर श्रावक भी अपना जीवन हंस की तरह धर्म जिनवाणी के मोती चुगकर उज्वल बनाते है।

**भक्ति में उमड़ा जनसैलाब, जगह-जगह पाद प्रक्षालन और आरती, जयकारों की गूंज के साथ करवाया मंगल प्रवेश**

प्रचार संयोजक अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया की आचार्य संघ ने दोपहर 2 बजे सांगानेर स्थित दिगंबर जैन मंदिर संघीजी से वरुण पथ समाज समिति अध्यक्ष एमपी जैन, मंत्री जे के जैन, कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी पूरी समिति, महिला मंडल, मुनि संघ व्यवस्था समिति और सकल जैन समाज वरुण पथ के श्रद्धालुओ ने आचार्य श्री को वरुण पथ जैन मंदिर में प्रवेश करने के लिए श्रीफल अर्घ चढ़ाया, जिसके पश्चात आचार्य संघ ने विहार यात्रा प्रारंभ की, इस दौरान आचार्य श्री ससंघ एसएफएस जैन मंदिर, थड़ी मार्किट जैन मंदिर और मीरा मार्ग जैन मंदिर के दर्शन करते हुए सायं 4 बजे रजत पथ चौराहे पर पहुंचे। जहां पर सकल जैन समाज वरुण पथ द्वारा बैंड-बाजों, जयकारों के साथ अगवानी की और यहां से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ की गई। आचार्य संघ का वरुण पथ जैन मंदिर में मंगल प्रवेश का उत्साह देखते ही बन रहा था, श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आचार्य श्री की मंगल प्रवेश यात्रा में बढ़चढ़कर भाग लिया और जयकारे लगाए।

## महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन की मासिक बैठक आज 28 को



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर की मासिक बैठक शनिवार दिनांक 28 जनवरी 2023 को एसोसिएशन के भवन एस- 10 जनता कॉलोनी पर साय काल 6.30 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष वीर सुभाष गोलेछा तथा सचिव इंजीनियर पी सी छाबड़ा ने बताया कि राजस्थान अस्पताल के चैयरमेन डॉ एस एस अग्रवाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे । समारोह मे विख्यात जादूगर आर के सोनी द्वारा जादू के रोमांचित करने वाला हैरत अंगेज प्रदर्शन किया जायेगा।

# 74 वें गणतंत्र दिवस पर नेमिनाथ ग्रेटर सोशल ग्रुप ने निराश्रित बच्चों को भोजन कराया



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया।**

इंदौर। बहुउद्देशीय सेवा समिति कुंदन नगर आश्रम में रह रहे 60 निराश्रित एवं दिव्यांग बच्चों को 74 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नेमिनाथ ग्रेटर द्वारा बच्चों को भोजन कराया गया। भोजन के पूर्व आश्रम परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। मुख्य अतिथि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका थे। आश्रम संचालिका श्रीमती अर्चना शर्मा, ग्रुप अध्यक्ष प्रदीप गंगवाल, राजेंद्र सोगानी, राजेश जैन दद्दू एवं आशीष जैन ने संयुक्त रूप से ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश विनायका ने समारोह को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी एवं फेडरेशन परिवार द्वारा आश्रम के बच्चों को शिक्षा से संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग प्रदान किए जाने की घोषणा की एवं नेमिनाथ ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष एवं यूनिक हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ गिरीश पाटोदी ने आवश्यकता पड़ने पर बच्चो को निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदीप गंगवाल ने भी बच्चों को यूनिफॉर्म दिए जाने की घोषणा की।राजेश जैन दद्दू ने भी समारोह को संबोधित किया।





# सखी गुलाबी नगरी ने गायों को चारा-गुड़ खिलाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत सखी गुलाबी नगरी ने दुगार्पुरा गोशाला में गायों को चारा, गुड़ और लड्डू खिलाया। सखी अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम सखी सदस्या श्रीमती शीला - मुकेश जैन के सहयोग से जीव दया कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया । कार्यक्रम में सखी गुलाबी नगरी की सचिव स्वाति जैन, कार्यकारिणी सदस्य अनीता जैन, सामाजिक कार्यक्रम संयोजक रानी पाटनी, सखी सदस्य साधना गोधा आदि उपस्थिति रहे।

# महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर द्वारा झंडारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर द्वारा भवन की छत पर प्रातः 9 बजे झंडा रोहण नारी शक्ति वीरा सायरा लूनिया डा अल्पना माथुर एवं उपाध्यक्ष वीर भागचंद जैन द्वारा झंडा रोहण उपस्थित सदस्यों के सानिध्य मे किया। समारोह मे वीर एन के सेठी, वीर इन्जी पी सी छाबड़ा मंत्री, वीर आर एस जैन संयुक्त मंत्री, वीर एच एम सिंधवी, वीर राजकुमार पालावत, वीर डाः रामलाल प्रजापत कार्यकारणी सदस्य, वीर क्र्र अजय गुप्ता वीर डॉ डीएम माथुर, वीर डॉ हरी गुप्ता, वीर महेंद्र चोपड़ा, वीर तारा चन्द कानूनगो, वीर रामबाबू कानूनगो, वीर श्री चन्द जैन, वीर प्रवीण सुराना, एवं वीर हरिनारायण खंडेलवाल उपस्थित रहे। सभी ने जोश के साथ राष्ट्रीय गीत गा कर वन्दे मातरम् व भारत माता का पूर जोर शोर से नारे लगाकर गणतंत्र दिवस मनाया। झंडा रोहण बाद सभी ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्राभिनंदन करते हुए चर्चा की।

# श्री जे. डी. जैन स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

पलटन गेट स्थित श्री जे. डी. जैन इंग्लिश मीडियम सैकण्डरी स्कूल में 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमित खूशबु गंगवाल ने की। मुख्य अतिथि अशोकुमार जैन अधीक्षण अंभियंता, रुडिप, पियू, कुचामन, विशिष्ट अतिथि विनोद संगीता पहाड़िया, हरपाल सिंह, अजीत पहाड़िया, अशोक बज, विनोद झांझरी, महेन्द्र कुमार पहाड़िया, अशोक कुमार काला, कैलाश चन्द पाण्ड्या, अशोक कुमार झांझरी, अतिविशिष्ट अतिथि सचिव सन्तोष व श्रीमती संतोषदेवी पहाड़िया, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द पहाड़िया एवं प्रधानाध्यापिका शशि सोनी शाला के अध्यापक-अध्यापिकाओं, विद्यार्थियों व अभिभावाक के सानिध्य में ध्वजारोहण किया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने तिरंगे झण्डे को परेड के साथ सलामी दी। सचिव ने विद्यालय की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रधानाध्यापिका ने गणतंत्र दिवस की सार्थकता पर प्रकाश डाला तथा सबका आभार व्यक्त किया। मंच संचालन मंयककुमार जैन, व अदिती शर्मा ने किया।

# हिन्दू सेवा मंडल द्वारा मंडल परिसर में गणतंत्र दिवस का आयोजन



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर ।हिन्दू सेवा मंडल द्वारा 74वां गणतन्त्र दिवस समारोह मण्डल प्रांगण में आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि बृजमोहन शर्मा अध्यक्ष के द्वारा जन गण मन व वंदेमातरम् की मधुर स्वरलहरियों के बीच ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा द्वारा इस अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए शहीदों का स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की ।उन्होंने अपने उद्बोधन में गणतन्त्र की महत्ता को स्वीकारत करते हुए कहा की हम अपनी इसी एकता और युवा शक्ति के बल पर राष्ट के उत्थान में आशातीत प्रगति करेंगे ।

## वेद ज्ञान

# स्वस्थ रहने का प्रसन्न रहने से सीधा-सीधा संबंध

स्वस्थ रहने का प्रसन्न रहने से सीधा-सीधा संबंध है जो केवल उपयुक्त खाने-पीने तक से संभव नहीं है। यद्यपि पर्याप्त और संतुलित भोजन अच्छे स्वास्थ्य की पहली आवश्यकता है फिर भी कुछ बातें ऐसी भी हैं जो भोजन से परे हैं। यह सवाल इसलिए और भी जरूरी हो जाता है जब इन दिनों शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य की चिंता बच्चों तक में दृष्टिगत होने लगी है। समुचित मात्रा में खाद्य पदार्थ जीव को शारीरिक तंदरुस्ती के लिए आवश्यक तत्व प्रदान करते हैं, लेकिन अच्छे स्वास्थ्य के लिए कुछ तत्व ऐसे भी हैं जो खुश रहने से ही मिलते हैं और जिनके बारे मे मानव सभ्यता के विकास के दौरान चिंतनशील लोगों ने समय-समय पर चेताया है। जब हम किसी बीमारी के कारण कष्ट में होते हैं तो इस कष्ट की शरीर पर दोहरी मार पड़ती है। एक तो शरीर जैविक तौर पर बीमारी से जूझता है और दूसरे बीमारी से उत्पन्न होने वाले मानसिक दुख का भी शरीर पर काफी प्रतिकूल असर पड़ता है। बीमारी के जैविक पहलू को तो डॉक्टरों और दवाओं से संभाला जा सकता है, लेकिन बीमारी से उत्पन्न कष्ट के कारण हो रही हानि को न तो डॉक्टर और न ही दवाएं ठीक कर सकती है और इसीलिए हम अक्सर डॉक्टरों से यह सलाह सुनते हैं कि हौसला रखिए, बीमारी को भूले रहिए आदि-आदि। इसके पीछे विचार यही है कि मानसिक कष्ट की दवा डॉक्टर के पास भी नहीं होती है और यदि वह कहीं है तो वह हमारे पास ही है जिसे समझने भर की जरूरत है। जो व्यक्ति इसे समझ लेता है उसका हौसला बड़ी से बड़ी बीमारी भी नहीं डिगा सकती। कभी-कभी होता है कि कोई व्यक्ति किसी बीमारी से पीड़ित होता है, लेकिन जब तक उसे उस बीमारी का ज्ञान नहीं होता है तब तक उसका शरीर उससे अंदरूनी तौर पर जूझ रहा होता है और उस पर उस बीमारी का कोई प्रतिकूल असर भी नहीं होता है, लेकिन जैसे ही उसे उस बीमारी का पता लगता है वह अच्छी डॉक्टरी देखभाल के बावजूद लड़खड़ा जाता है। कारण यही है कि जैसे ही बीमारी के मानसिक कष्ट की वजह से व्यक्ति दुखी होने लगता है तो वह बहुत से स्वतः प्रवृत्त रक्षात्मक उपायों से अपने शरीर को वंचित कर देता है। इसलिए प्रतिकूल परिस्थितियों में भी खुश रहकर इसके सकारात्मक असर का कमाल देखिए।

## संपादकीय

# हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

किसी भी समाज में पनपती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय होती है, चाहे उसे अंजाम देने वाला तबका कोई भी हो। पर अगर कम उम्र के कुछ बच्चे भी मामूली बात पर हिंसक होने लगें, यहां तक कि जानलेवा हमला और हत्या तक करने लगें, तो इसे गंभीर चेतावनी के तौर पर देखा जाना चाहिए। दरअसल, पिछले दिनों ऐसी कई घटनाएं सामने आईं, जिनमें किसी किशोर ने मामूली बात पर किसी की जान ले ली। लेकिन दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में जिस तरह बारहवीं कक्षा के एक छात्र को दो नाबालिगों ने महज मोबाइल छीनने का विरोध करने पर चाकू से मार डाला, उसे सिर्फ इक्का-दुक्का घटना मान कर नजरअंदाज करना शायद ठीक नहीं होगा। आरोपी नाबालिगों ने छात्र का गला रेत दिया और उसकी मौत के बाद तेजाब से उसका चेहरा भी जलाने की कोशिश की। यह किसी



पेशेवर अपराधी की तरह की हरकत है, जिसमें हत्या और फिर पकड़े जाने से बचने के लिए सबूत मिटाने का प्रयास किया गया। अगर पुलिस ने उस इलाके के सीसीटीवी फुटेज को नहीं खंगाला होता, तो शायद आरोपियों को पकड़ना भी मुश्किल होता। सवाल है कि जिस उम्र में बच्चे कोमल भावनाओं के दौर से गुजर रहे होते हैं, उसमें कुछ के भीतर इस तरह की हिंसक प्रवृत्ति कैसे घर कर जाती है ! हाल ही में दिल्ली के एक स्कूल में तीन छात्रों ने मिल कर एक शिक्षक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। कारण बस इतना था कि शिक्षक ने छात्रों को स्कूल की वर्दी को लेकर डांटा था। नाबालिगों का आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होना कोई नई बात नहीं है, मगर पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं देखी जा रही हैं, जिनमें मामूली बात पर हुए विवाद पर किसी किशोर ने खुद या अपने साथियों के साथ मिल कर अन्य साथी बच्चे को बुरी तरह मारा-पीटा या फिर उसकी हत्या कर दी। कोई समाज अगर दिनोंदिन सभ्य और अहिंसक होने की ओर बढ़ता है, तो उसकी नई पीढ़ी भी यही रास्ता अख्तियार करती है। मगर आज ऐसे हालात क्यों सामने आ रहे हैं, जिनमें किशोरों के बीच हिंसक प्रवृत्ति बढ़ती देखी जा रही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि वक्त के साथ होने वाले बदलाव से संतुलन बिठाना जरूरी होता है, लेकिन बदलाव की रफ्तार और उसका दायरा क्या ऐसा हो सकता है कि उससे संतुलन बिठाने के क्रम में समाज का सबसे नाजुक हिस्सा ही असंतुलित होने लगे? किशोरावस्था उम्र का एक जटिल पड़ाव होता है, जिससे गुजरते बच्चे कई तरह की उथल-पुथल का सामना कर रहे होते हैं। ऐसे में अगर समाज और सरकार के स्तर पर ऐसी व्यवस्था बनाने में कोताही की जाती है तो उसका खमियाजा भावी पीढ़ियों को भुगतना पड़ता है। एक ओर, बहुत सारे परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरा करने के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है और ऐसे में कुछ बच्चे अभाव और उपेक्षा का शिकार होकर गलत रास्ता अख्तियार कर लेते हैं, तो वहीं आधुनिक तकनीकी के नए-नए यंत्रों, गैरजरूरी और विकृति पैदा करने वाली सामग्री के बीच पलते कुछ किशोर असंतुलन का शिकार होकर अपराध की ओर भी बढ़ जाते हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# पुलिस का बल

नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल को अधिक सक्षम, सतर्क और सुलभ बनाने पर जोर दिया जाता रहा है। बदलती जरूरतों के मुताबिक उसे नए संसाधनों से सुसज्जित भी किया जाता है। इस बात को एक बार फिर प्रधानमंत्री ने भी पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में रेखांकित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य पुलिस बल और केंद्रीय एजंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। प्रौद्योगिकी संसाधन अपनाने के साथ-साथ पैदल गश्त जैसी पारंपरिक प्रणाली को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यह सुझाव ऐसे समय आया है, जब आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसना बड़ी चुनौती मानी जा रही है। हर साल अपराध के आंकड़े कुछ बढ़े हुए दर्ज होते हैं। हालांकि महिलाओं, बच्चों आदि के खिलाफ होने वाले अपराधों से संबंधित दंडात्मक प्रावधान कड़े किए गए हैं, पर उनका अपेक्षित असर नजर नहीं आ रहा। आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग होने लगा है, जिससे अपराध करने वालों की धर-पकड़ में तेजी आई है, मगर अपराध की दर फिर भी नहीं घट रही, तो इसे लेकर चिंता स्वाभाविक है। सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर राज्यों की पुलिस और केंद्रीय बलों को तकनीकी रूप से परस्पर जोड़ने पर सहमति बहुत पहले बन गई थी, मगर अपराधियों, उपद्रवियों और अलगाववादी ताकतों के अंतरराज्यीय संजाल को तोड़ने में अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही है। दरअसल, पुलिस आंतरिक सुरक्षा का बुनियादी ढांचा होती है। दूसरी सुरक्षा एजंसियों की अपेक्षा स्थानीय स्तर पर पुलिस की सक्रियता अधिक होती है, उसे हर गतिविधि का सूत्र पता होता है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि अगर वह केंद्रीय बलों और दूसरे सुरक्षा बलों के साथ सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान करे, तो सीमा पार से या अंतरराज्यीय संजाल के तहत चलने वाली आपराधिक गतिविधियों को रोकने में बहुत आसानी होगी।खासकर माओवादी और पूर्वोत्तर के अलगाववादी संगठनों की सजिशों को अंजाम देने से पहले ही खत्म किया जा सकता है। इस दिशा में काफी कुछ काम भी हुआ है, मगर अब भी पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजंसियों के बीच संतोषजनक तालमेल नहीं दिखाई देता। इसकी एक वजह तो यह है कि कानून-व्यवस्था चूंकि राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र का विषय है, इसलिए वे केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ तालमेल बिठाने से कतराती हैं। इस तरह आतंकवाद, अलगाववाद से प्रभावित इलाकों में नजर रखने और तस्करी, हथियारों की आपूर्ति जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कई तरह की दिक्कतें पेश आती हैं। मगर सबसे अधिक आलोचना स्थानीय स्तर पर आपराधिक गतिविधियों को रोकने में पुलिस के कामकाज के तरीके को लेकर होती रही है। इसमें सुधार के लिए पुलिस सुधार संबंधी कई सिफारिशें आईं, मगर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में उन पर अमल नहीं हो सका। यह भी छिपा तथ्य नहीं है कि सरकारें पुलिस का इस्तेमाल अपने पक्ष में करती हैं। इसलिए भी कई आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ उचित सख्ती नहीं बरती जा पाती फिर पुलिस का आम लोगों के साथ रिश्ता प्रायः मधुर नहीं देखा जाता, वह आम लोगों से दूरी बना कर और भय पैदा करके ही काम करना अधिक पसंद करती है। इसकी वजह से भी आम लोगों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता और कई सूचनाएं दबी रह जाती हैं।



# अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज का सम्मेद शिखरजी में भव्य महापराण, पंचकल्याणक महाप्रतिष्ठा एवं जैनेश्वर दीक्षा महोत्सव 28 जनवरी से

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

तीर्थराज सम्मेद शिखरजी में 28 जनवरी को अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर महाराज का सिंहनिष्क्रिडीत व्रत संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर 28 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक महापराणा महोत्सव, स्वर्ण मंदिर पंचकल्याणक महाप्रतिष्ठा एवं भव्य जैनेश्वर दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया है। जैन धर्म मे सिंहनिष्क्रिडीत व्रत का एक अनूठा सार्वभौमिक महत्व है। आचार्य अंतर्मना प्रसन्न सागर जी ने 557 दिन का निर्विघ्न मौन, 557 दिन का एकांत और 496 दिन का निर्जल उपवास रखा। इस दौरान आचार्य ने केवल 61 दिनों तक भोजन किया है। पूरी दुनिया में इस तपस्या को आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर सम्मेद शिखरजी में 28 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। आयोजन मे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, आचार्य रत्नसुंदर महाराज साहब, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो, सांसद कृत सोलंकी, झारखंड प्रमुख सचिव सुखदेव सिंह, आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा, कैबिनेट मंत्री जीतू वघानी, गृह मंत्री हर्ष संघवी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कैलाश विजयवर्गीय, सुपरस्टार विवेक ओबेरॉय, उद्यमी डॉ. विवेक बिंद्रा आदि ने उपस्थिति होने की स्वीकृति प्रदान की हैं । इस अवसर पर न्यायमूर्ती कैलाशचंद चांदीवाल, ऋषब जैन, आकाश जैन, डॉ संजय जैन, बिटु जैन, विवेक गंगवाल, ललित पाटणी, संजय कासलीवाल, महेंद्र ठोले, विनोद लोहाडे, नितेश पाटणी,विलास पहाडे पैठन,पारस लोहाडे, नरेंद्र अजमेरा, पियूष कासलीवाल, रोमिल जैन, मनोज पाटणी नासिक का एक दल भी आयोजन मे उपस्थित रह कर धर्म लाभ प्राप्त करेगा।



## आचार्य अंतर्मना प्रसन्न सागरजी का जीवन परिचय

आचार्य अंतर्मना प्रसन्न सागरजी का जन्म 23 जुलाई, 1970 को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में अभय कुमारजी और शोभादेवी जैन के यहाँ हुआ था। उनके माता-पिता ने उनका नाम दिलीप और पप्पू रखा था। मैं कौन हूं, कहां से आया हूं और कहां जाता हूं जैसे सवालों के जवाब तलाशने पर ज्यादा फोकस था। वह इस दुनिया से निकलना चाहता था। इसलिए उन्होंने पारंपरिक शिक्षा और अन्य चीजों को त्याग दिया और आध्यात्मिक क्षेत्र में चले गए। उन्होंने अल्प समय में ही आचार्य पुष्पदंत सागर के परम शिष्य के रूप में ख्याति अर्जित कर ली। उन्होंने दिलीप उर्फ पप्पू जैन से आचार्य अंतर्मना प्रसन्नसागर तक का सफर तय किया। आज उनका भक्त परिवार दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि सहित पूरे भारत में फैला हुआ है। उनके द्वारा संपन्न सिंहनिष्क्रिडीत व्रत को लेकर हर ओर हर्ष और उल्लास का माहौल है। आचार्य अंतर्मना प्रसन्ना सागर की उपस्थिति में कर्नाटक में 1290 लोगों ने आचार्य के चरणों की आकृति बनाई। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इसी तरह पद्म गुरुभक्त परिवार की ओर से नागपुर में 721 फीट लंबी राखी तैयार की गई। जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। चार सौ तेरह भाई-बहनों द्वारा एक स्थान पर राखी बांधने का रिकॉर्ड इंडिया बुक में दर्ज है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मध्य प्रदेश के भिंड में सबसे अधिक 1008 चौके होने का एशिया रिकॉर्ड है। आचार्य अंतर्मना ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की और मानवता के प्रतीक हैं, व्रतों के पासक, प्रज्ञा पुरुष, सिद्ध योगी, करुणासागर, जिन धर्म प्रभावक, साधक, ज्योति पुंज, संस्कृति संस्कारदाता, सरस्वती के उपासक, मौन साधक, पुण्यकीर्ति स्तंभ, भारत की महिमा, उन्हें तपस्वी सम्राट, तप सम्राट, तपश्चर्या आदि शब्दों से जाना जाता है। आचार्य अंतरमना प्रसन्न सागर ने अब तक 64 दिन के अखंड महासाधना और 72 दिन के मौन व्रत, साधना में 186 दिन का मौन, 153 दिन के निर्जल उपवास, श्री भक्तांबर महाव्रत के पचास व्रत और मौन साधना को पूर्ण किया है। अपनी दीक्षा के बाद से, उन्होंने साढ़े तीन हजार से अधिक उपवास किए और एक लाख किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा की। अब तक 1008 जैन सहस्त्रनाम व्रत, चारित्र शुद्धि व्रत, 186 दिन सिंह निस्क्रादित व्रत, 25 जनपच्छी व्रत, 25 सम्मेद शिखर व्रत, 3 पंचमेरू व्रत, 10 दशालक्षण व्रत, 79 सोलहकारण और जिन गुण व्रत, 256 कर्मचूर व्रत, 8 अष्टानिका हैं। व्रत, रवि व्रत, 35 णमोकार मंत्र व्रत, 50 भावनाविधि व्रत, 24 समोशरण व्रत, 50 भक्तांबर व्रत, चौसष्ठ सिद्धि व्रत, 557 सिंह निश्चयादि व्रत संपन्न हो चुके हैं। आचार्य प्रसन्न सागर स्वर्ण भद कुट में पूर्ण चातुर्मास करने वाले पहले संत बने। उन्होंने पूरे चातुर्मास सहित छह महीने से अधिक समय तक यहां एक छोटी गुफा में अपनी महासाधना पूरी की।

**संकलनः**
**नरेंद्र अजमेरा पीयूष कासलीवाल**
**रोमिल जैन**





# महावीर स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित श्री महावीर दिगंबर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय, महावीर पब्लिक स्कूल, श्री महावीर कॉलेज एवं श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में 74वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में गार्ड ऑफ ऑनर व एन.सी.सी. विंग की मधुर ध्वनियों के साथ मुख्य अतिथि न्यायाधिपति अशोक कुमार गौड, राजस्थान हाइकोर्ट, जयपुर का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यापिकाओं द्वारा वंदेमातरम् गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के अध्यक्ष उमराव मल संघी ने साफा पहनाकर, मानद् मंत्री सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया एवं सुरेंद्र कुमार पांड्या,संयुक्त मंत्री कमल बाबू जैन, संयोजक सुदीप ठोलिया, कार्यकारिणी सदस्य मनीष कुमार बैद, रुपिन काला, मुकेश



सोगानी, महावीर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन, श्री महावीर कॉलेज के प्राचार्य आशीष गुप्ता, श्री दिगंबर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय की आचार्या श्रीमती रेनू गोस्वामी ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया। मुख्य अतिथि न्यायाधिपति अशोक कुमार गौड द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं परेड का निरीक्षण किया। मानद् मंत्री सुनील बख्शी के साथ मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। संस्था के मानद् मंत्री सुनील बख्शी ने अपने भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों के विषय में बताया विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, बैगपाइप बैंड प्रदर्शन, देशभक्ति नृत्य, योगा प्रदर्शन, स्केटिंग प्रदर्शन आदि की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की गरिमा और उत्थान के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए तथा युवा पीढ़ी से भारत के निर्माण हेतु आगे आने का आह्वान किया। शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण किए गए। समाज श्रेष्ठी रितु - सुधांशु कासलीवाल एवं दीवान उदय लाल ट्रस्ट व द्वारा नवनिर्मित हॉल, समाज श्रेष्ठी नंद किशोर सुनील प्रमोद पहाड़िया, हरकचंद नीरज कुमार लुहाड़िया ने एक-एक कमरे के निर्माण में सहयोग देने की घोषणा की। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में महावीर स्कूल को पूरी राजधानी में सबसे अच्छा स्कूल बताते हुए कहा कि महावीर स्कूल बच्चों में उत्तम संस्कार डालता है और बच्चों का सर्वांगीण विकास करता है। महावीर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन द्वारा सभी आगंतुकों एवं मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान के साथ हुई।

# चूलगिरी पर पूजन विधान के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



## राजयसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी का किया सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन समाज के श्रावकों व गणमान्य अतिथियों ने गणतंत्र दिवस जयपुर के चूलगिरी अतिशय क्षेत्र पर भगवान की पूजन व विश्व शांति हेतु विधान आयोजन के साथ मनाया । आयोजन के संयोजक कमलेश पाटनी बँथलीवालों ने बताया की प. निर्मल पाटोदी के सानिध्य में शांति धारा के बाद देश भक्ति व अन्य गीतों की धुनों पर भक्ति भाव के साथ अष्ट द्रव्य व श्रीफल के साथ मण्डल पर अर्घ्य चढ़ाए गए । आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद घनश्याम तिवाड़ी का जनकपुरी मन्दिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व सोभाग पाटनी ने शाल दुपट्टा व साफा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया । साँखना क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश सोनी , विधान सभा के जय



कुमार ,रवि जैन ,शांति सागर आकाशवाणी के राकेश जैन सहित सुनील सेठी ,सोभाग अजमेरा , महेश काला, महावीर कोठारी, नवीन सेठी, अमित शाह महिला मण्डल की शकुन्तला बिन्दायक्या, पुष्पा बिलाला, सुलोचना पाटनी, अनीता बिंदायक्या आदि भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही ।

# 74 वे गणतंत्र दिवस पर सुजलांचल विकास मंच समिति हुई सम्मानित



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया**

शहर के विकास व सामाजिक सरोकार में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सुजलांचल विकास मंच समिति को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान एनके लोहिया स्टेडियम मे उपखण्ड स्तर पर उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक मनोज मेघवाल, सभापति नीलोफर गोरी, तहसीलदार गोविंदराम बगड़िया, एडिशनल एसपी, जगदीश बोहरा, कोतवाली सीआई मुकुट बिहारी मीणा, नगरपरिषद आयुक्त कमलेश कुमार मीणा ने समिति का सम्मान किया।उल्लेखनीय है कि समिति को वर्ष 2021 में भी स्वतंत्रा दिवस पर नगरपरिषद द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा बगड़ा,सचिव विनीत बगड़ा, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी, कोषाध्यक्ष महक पाटनी,लालचंद बगड़ा ने सम्मान ग्रहण किया इस अवसर पर काफी संख्या में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय सरवड़ी में 100 छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित

## रूपा फाउंडेशन कोलकाता एवं आचार्य ज्ञान सागर युवा मंच सीकर के सयुक्त तत्वावधान में किया कार्यक्रम



**सीकर. कासं।** दिनांक 26 जनवरी 2023 रूपा फाउंडेशन कोलकाता एवं आचार्य ज्ञान सागर युवा मंच जैन समाज सीकर और अनुभव जैन के सहयोग से सरवड़ी में गुरुवार को राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय सरवड़ी गाँव मे गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम के तहत 100 बालक-बालिकाओं को स्वेटर वितरित किए गए। अनुभव जैन एवं रूपा फाउंडेशन कोलकाता ने बालक-बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए सर्दी के मौसम में स्कूल की बालक बालिकाओं को स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सांवरमल जैन ने रूपा फाउंडेशन कोलकाता अनुभव जैन और आचार्य ज्ञान सागर युवा मंच जैन समाज सीकर के उन्होंने कोलकाता के रूपा फाउंडेशन के निस्वार्थ भाव से छात्र छात्राओं के हित में उठाए गए इस कदम को सबके लिए प्रेरक अनुकरणीय बताया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ प्रियंका कुमारी, विमल कुमार, गजानंद, मो.हनीफ, जगनलाल आदि ने जैन समाज के सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जैन समाज के समाजसेवा के कार्यों को प्रेरणादायक बताया। मुख्यतिथि भागचन्द निखिल कुमार अजमेरा परिवार रहा। मंत्री रितेश रारा ने बताया इस अवसर पर आचार्य ज्ञान सागर युवा मंच के संजय बड़जात्या, निखिल अजमेरा, विकास लुहाड़िया, पदम सेठी उपस्थिति रहे। प्रधानाचार्य सांवरमल जैन ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को मिठाई का वितरण भी किया गया।

# राजकीय विद्यालय गणतपुरा वधर्मान सरोवर मे जेएसजी नार्थ ने किया झंडारोहण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रातः 9:00 राजकीय विद्यालय गणतपुरा वधर्मान सरोवर मे झंडारोहण किया गया। संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी ने बताया कि इस अवसर पर ग्रुप द्वारा बच्चों को मिठाई, स्टेशनरी, दरिया, बर्तन वितरित किए गए। ग्रुप अध्यक्ष अभय गंगवाल ने बताया कि सभी बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित नए एवं पुराने गानों पर डांस की भव्य प्रस्तुति दी गई। संगठन मंत्री सुनील सोगानी ने बताया कि रंगारंग प्रस्तुति करने वाले बच्चों को आकर्षक उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष मनीष झंझरी, राजेंद्र जैन कोषाध्यक्ष,अजय जैन, सुकेश काला ,प्रमोद पाटनी, विशूतोष चांदवाड, अंजना गंगवाल, सुनीता पाटनी, नीति चांदवाड,मंजू जैन,सपना काला एवं मुनिया सोगानी उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिजन सचिव निर्मल संघी हुए सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रिजन, जयपुर के कर्मठ, सेवाभावी सरल स्वभावी सचिव निर्मल कुमार संघी को उनकी मानव सेवार्थ चिकित्सा के क्षेत्र मे की जा रही सेवाओं के लिये गणतंत्र दिवस के अवसर पर जयपुर हॉस्पिटल, लालकोठी मे आयोजित भव्य समारोह मे सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपुर हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर शैलेन्द्र शर्मा व जयपुर हार्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉक्टर जी एल शर्मा के साथ साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## JSG सनशाइन ने राजकीय संस्कृत विद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस



ब्यावर. शाबाश इंडिया

जैन सोशल ग्रुप - सनशाइन, ब्यावर द्वारा कुन्दन नगर में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विधालय में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह बनाया गया। विधालय की प्रधानध्यापिका ममता सोगरा के अनुसार समारोह में मधुसूदन बंसल मुख्यअतिथि, अरुण रुनिवाल, अन्नराज तातेड़, राजेन्द्र सोनी, संकुल प्रभारी ममता गुर्जर एवं नरेन्द्र सुराणा विशिष्ट अतिथि सनशाइन सचिव रुपेश कोठारी, एक पहल फाउंडेशन से दिलीप भंडारी एवं चन्द्रशेखर अग्रवाल, लायन्स क्लब MJF जगदीश रायपुरिया, SMC अध्यक्ष संतोष आदि की गौरवमय उपस्थिति रही । इस अवसर पर बच्चों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गयी। सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा बच्चों की प्रतिभा देखकर भरपूर प्रशंसा की। विद्यालय द्वारा सभी भामाशाह एवं विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। खरऋसनशाइन द्वारा सभी बच्चों को कॉपियां वितरित की गई। संचालन नीलिमा विजय द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यापक राजेन्द्र तागु, राहुल खारोल, विमला शर्मा एवं सनशाइन सदस्य विक्रम सांखला, मनीष रांका, प्रतीक खटोड़, महेन्द्र नाहटा, अमित कवाड़, मनीष मेहता, पंकज डेडिया, विपुल बोहरा, नरेन्द्र भलावर, अर्पित श्रीश्रीमाल, महेन्द्र नाहर, दीपेश जैन, महावीर आबड़, पंकज नाहटा, रजत श्रीश्रीमाल, दीपेश जैन, कमल कुमट, प्रतीक पदावत आदि सदस्य उपस्थित थे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जैन सोशल ग्रुप ने 300 कॉपी वितरित कर मनाया गंणतत्र दिवस



कोटा. शाबाश इंडिया

जैन सोशल ग्रुप कोटा ने गणतंत्र दिवस पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तलवंडी में बाँटी 300 बच्चो को कॉपी पेन, पेंसिल। अध्यक्ष डा समीर मेहता ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया व अपने संबोधन में बच्चों को मोबाइल प्रयोग व स्क्रीन टाइम कम करने का आग्रह किया। विद्यालय प्रधानाध्यापक शेक जाकिर हुसैन व संजय जैन ने साफा बांध कर डा समीर व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अरविंद जैन, जंबू जैन, विपुल पतीरा, शैलेश गोधा, डा सपना मेहता, राहुल जैन, सचिन लोढ़ा, संजीव पाटनी आदि उपस्थित थे। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम व देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए।



# हरि सिंह राठौड़ ने किया झंडारोहण



कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया

समीपवर्ती चितावा में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय में अध्यक्ष हरि सिंह राठौड़ ने झंडारोहण किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार विजय भाकर व सहायक व्यवस्थापक पवन कुमार वैष्णव भगवती प्रसाद व्यवस्थापक, भूतपूर्व सरपंच नाहर सिंह राठौड़, राजवीर राठौड़ उपस्थित थे।

# धूमधाम से निकली भगवान देवनारायण की शोभा यात्रा



चंद्रेश जैन. शाबाश इंडिया

श्रीमहावीरजी । भगवान देवनारायण के 1111 वें जन्मोत्सव के अवसर पर चल रहे दो दिवसीय महोत्सव में शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई । जिसमें गुर्जर समाज के हजारों की तादाद में प्रदेशभर से पधारे लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा यात्रा में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश किये सैकड़ो के तादाद में महिलाएं आगे चल रही थी कार्यक्रम से पूर्व विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना संपन्न हुई । देवनारायण मंदिर के महामंत्री समय सिंह ने बताया कि भगवान देवनारायण के 1111 वे जन्मोत्सव पर आयोजित शोभायात्रा गंभीर नदी के तट पर स्थित बड़े बगीचे से शोभायात्रा जलाभिषेक होने के बाद प्रारंभ हुई आगे आगे युवा डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे उनके पीछे महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा को शोभायमान कर रही थी। रथ यात्रा में मेले का मुख्य आकर्षण घोड़ी नृत्य जो संगीतमय ध्वनि पर मेले में नृत्य कर रही थी रथ यात्रा में सम्मिलित करौली ,सवाई माधोपुर भरतपुर, दोसा ,अलवर एवं दूर दराज से पधारे गुर्जर समाज के लोग भगवान देवनारायण के जयकारे गुंजायमान कर रहे थे। भगवान देवनारायण की रथ यात्रा श्री महावीर जी के मुख्य बाजार में होती हुई भगवान देवनारायण मंदिर प्रांगण में पहुंची जहां धर्म सभा में परिवर्तित हुई धर्म सभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के सरधना विधायक अतुल प्रधान ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए गुर्जर समाज मे शिक्षा के व्यापक प्रोत्साहन देने के साथ सामाजिक मुद्दे को लेकर विचार रखे। कर्नल बैसला ने संमाज को दिए योगदान को याद किया इससे पूर्व रथ के सारथी की बोली भगवानसिंह भालपुर ने 1 लाख रुपये में प्राप्त कर रथ का सारथी होने सोभाग्य प्राप्त हुआ ।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में 405 छात्र सम्मानित



उदयपुर. शाबाश इंडिया


संत ग्रेगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डॉ. इब्राहिम सिरकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में 405 छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ . सिरकी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन्दगी में सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, सतत प्रयास, ध्येय निर्धारण, एकाग्रचित्त अध्ययन ही हमें सफल बनाता है । डॉ. सिरकी एवं अन्य अतिथि गण ने इस अवसर पर वर्ष पर्यन्त्र आयोजित सह शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्राफी व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया । सीनियर विंग के अंतर्गत आयोजित 18 प्रतियोगिताओं में विजेता रहे 265 छात्रों, वहीं प्राइमरी विंग के अंतर्गत आयोजित 11 प्रतियोगिताओं में विजेता रहे 140 छात्रों का सम्मान किया गया । सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रताप सदन को डॉ. वी सी जकारिया मेमोरियल रनिंग शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । स्वागत उद्बोधन प्राचार्या प्रीती माथुर ने दिया। धन्यवाद सांस्कृतिक सचिव सत्य भूषण शर्मा ने किया । समारोह में फादर जोस चेम्मन, उप प्राचार्या शुभा जोस ,स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव जुनेश थॉमस ,ट्रस्टी बाबु जोन आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

# अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के 557 दिन के बाद 61 वॉ महापारणा महोत्सव की तैयारी पूर्ण



**सम्मेदशिखर जी. शाबाश इंडिया।** जैन समाज गुरुभक्त परिवार लगा है अंतर्मना के महापारणा महाप्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी में, 7 दिनों तक पूरे मधुबन में किसी के घर में चूल्हा नहीं जलेगा । अब दिनों की नहीं, घंटों की बात रह गई है । आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज की मौन साधना के अनवरत 557 दिन और सिंह निष्क्रिय व्रत के पूरे होने में। जी हां 21 जुलाई 2021 से शुरू हुआ अब 28 जनवरी 23 को यानी शुक्रवार को पूरा हो रहा है और आज पूरा देश उसे विशेष महापारणा महाप्रतिष्ठा महामहोत्सव बनाने के लिए जुट चुका है और तैयारियां भी लगभग पूरी होकर, अंतिम चरण में है। पिछले कुछ समय में यह सचमुच महाप्रणा का महोत्सव देश का सबसे बड़ा महोत्सव बनने जा रहा है और इसके साक्षी बनाने के लिए कमेटी द्वारा भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू , उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला जी के साथ, अनेकों बड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है । यही नहीं योग गुरु बाबा स्वामी रामदेव ना केवल इस ऐतिहासिक समारोह के साक्षी बनेंगे, बल्कि 29 जनवरी को एक विशेष योग सभा का आयोजन कर रहे हैं । जैन समाज ही नहीं , पूरा प्रशासन भी अलर्ट मोड में है और सभी तरह की सुविधाएं , आने वाले यात्रियों को देने के लिए पूरी तरह जुड़ा हुआ है।

# सोनू सूद और रणविजय बनेंगे एयू जयपुर मेराथन का हिस्सा



### विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के पांच हजार यूथ पगड़ी पहनकर बनायेंगे वर्ल्ड रिकॉर्ड




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 5 फरवरी को संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्माल फाइनेंस बैंक के साथ आयोजित की जाने वाली एयू जयपुर मैराथन के 14वे संस्करण में फिटनेस फ्रीक सोनू सूद और रणविजय हिस्सा बनेंगे और रनरस को चीयर करेंगे।गौरतलब है की सोनू सूद अपनी फिटनेस के साथ अपने सोशल वर्क के लिए काफी चर्चित है और यूथ के साथ साथ आम लोगो में इनको लेकर काफी क्रेज है , वही रणविजय को भी यूथ बड़ी संख्या में फोलो करता है। एयू जयपुर मैराथन के आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा और वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया ने बताया कि इस बार जयपुर मेराथन को लेकर बड़ा उत्साह नजर आ रहा है जिसमे बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के साथ अलग अलग ग्रुप यूनिक थीम पर इसमें भाग लेने की तैयारी कर रहे है साथ ही देश विदेश के अनेक धावक जयपुर की सड़कों पर दौड़ते नजर आयेंगे। **विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के पांच हजार यूथ पगड़ी पहनकर बनायेंगे वर्ल्ड रिकॉर्ड:** विजीयू के सीईओ ओनकार बगरिया और वाईस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट ऑफिस श्वेता चौधरी ने बताया की यूथ में हेल्थ को प्रमोट करने के लिए इस बार जयपुर मेराथन में विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी पांच हजार यूथ के ग्रुप के साथ पार्टिसिपेट करेगा जो की राजस्थान की आन बान और शान की पहचान पगड़ी पहनकर आयेंगे और ड्रीम रन का हिस्सा बनकर ''लार्जेस्ट ग्रुप रनिंग इन पगड़ी'' के वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए अटेम्पट करेंगे इस ग्रुप में शामिल सभी लोग अल्बर्ट हाल साउथ गेट से वर्ल्ड ट्रेड पार्क 6 किमी की दुरी तय करेंगे ।जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया की मेराथन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन मेराथन की वेबसाइट पर जाकर किये जा सकते हैं रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 31 जनवरी है ।

# लाडनूं के जैन सदस्यों के संघ ने की तीर्थ यात्रा



**लाडनूं. शाबाश इंडिया**

कस्बे के दिगंबर जैन समाज के सदस्यों के एक दल ने किशनगढ़ में आयोजित भव्य तथा विशाल पंचकल्याणक प्रतिष्ठा के मोक्ष कल्याणक महोत्सव में आयोजित अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रवचन, मुनि साध्वियों की आहार चर्या व शोभायात्रा में भाग लिया तथा वहां के विभिन्न जिनालयों व किशनगढ़ में विराजित वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागरजी महामुनिराज व उनके साथ उपस्थित संघ के साधुओं व आर्यिकाओं के दर्शन किए व आशीर्वाद प्राप्त किया।यात्रा के अगले चरण में अजमेर में विराजित मुनि संबुद्ध सागरजी ससंघ के व नवोदित तीर्थ नारेली के जिनालयों के दर्शन किए। दिगंबर जैन समाज के सदस्य राज पाटनी ने बताया कि स्वर्गीय रामनिवास जैनाग्रवाल परिवार के सौजन्य से आयोजित इस एक दिवसीय यात्रासंघ में दिगंबर जैन समाज के लगभग 60 पुरुष, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया।इस अवसर पर लाडनूं की दिगंबर जैन समाज के सदस्यों ने आचार्य वर्धमान सागरजी महाराज को श्रीफल भेंटकर ससंघ लाडनूं आगमन के लिए निवेदन किया ।आचार्यश्री ने लाडनूं आने के सकारात्मक संकेत दिए।

# जयकारों के बीच हुआ नवीन जिनालय और कार्यालय का शिलान्यास

### आचार्य श्री के सानिध्य में स्वर्ण, रजत और ताम्र शिलाएं की स्थापित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**





शुक्रवार को मानसरोवर के वरुण पथ स्थित दिगंबर जैन मंदिर पर आचार्य सुनील सागर महाराज और आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ सानिध्य में ₹ त्रिदिवसीय धर्म प्रभावना महोत्सव ₹ का शुभारंभ हुआ, इस अवसर पर प्रातः 6 बजे आचार्य श्री के मुखारविंद भगवान महावीर स्वामी के स्वर्ण कलशों से कालशाभिषेक और शांतिधारा का आयोजन हुआ। प्रातः 8.15 बजे धर्मसभा, प्रातः 11.30 बजे से नवीन जिनालय और कार्यालय का शिलान्यास हुआ। जिसमें श्रेष्ठी परिवारों द्वारा स्वर्ण, रजत और ताम्र शिलाएं मंत्रोच्चार के साथ आचार्य श्री के सानिध्य में स्थापित की गई। दोपहर 2 बजे आचार्य सम्मति सागर विधान पूजन का आयोजन किया गया, जिसमे 60 परिवारों ने आचार्य श्री का पूजन अष्ट द्रव्यों और भजनों के गुणगान के साथ किया।शाम 6 बजे श्रीजी और गुरुदेव की 108 दीपों मंगल आरती की और अंत में 48 दीपों के साथ भक्तामर मंडल दीप महाअर्चना का आयोजन श्रद्धा-भक्ति के साथ किया गया। नवीन जिनालय का सौभाग्य सतीश कासलीवाल परिवार और कार्यालय बनवाने का सौभाग्य विख्यात वास्तुविद् बुद्धि प्रकाश गोधा परिवार को प्राप्त हुआ, इस अवसर पर सुरेश जैन बांदीकुई, श्रीमती सुशीला जैन, सुनील, पंकज गंगवाल, पदमचंद जैन भरतपुर वाले, हेमेंद्र रोबिन सेठी सहित विभिन्न श्रेष्ठियों ने स्वर्ण शिला स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**आज मनाया जायेगा आचार्य सन्मति सागर महाराज का 84 वा जन्मजयंती व आचार्य सुनील सागर महाराज का 17वा आचार्य पदारोहण महोत्सव**

मंत्री जे के जैन ने बताया कि शनिवार को तृतीय पट्टाचार्य, तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज का 84 वां जन्मजयंती एवं चतुर्थ पट्टाचार्य आचार्य सुनील सागर महाराज का 17 वां आचार्य पदारोहण महोत्सव मनाया जायेगा, इस अवसर पर प्रातः 6 बजे कालशाभिषेक एवं शांतिधारा, प्रातः 8.15 बजे धर्मसभा, दोपहर 1 बजे 13 पुण्यार्जक परिवारों द्वारा आचार्य सन्मति सागर महाराज की अर्चना और 84 परिवारों द्वारा दीपकों के साथ विशेष अर्चना होगी, इस अवसर पर विद्वानों एवं मुनिराजों व आर्यिका माताजियों द्वारा विन्यांजली सभा का आयोजन होगा।शाम 6 बजे से श्रीजी की मंगल आरती एवं आचार्य सन्मति सागर महाराज के चित्र सम्मुख 84 दीपों से गुरु अर्चना का भव्य आयोजन गीत-संगीत के साथ संपन्न होगा।



# गणतंत्र दिवस पर काव्य गोष्ठी में कवियों ने देर रात तक बहाई काव्य सरिता

## गोष्ठी में श्रोताओं और वक्ताओं ने मेवाड़ प्रेस क्लब के राष्ट्रीय कार्यक्रम की मुक्त कंठ से की प्रशंसा




**निंबाहेड़ा. शाबाश इंडिया।** मेवाड़ प्रेस क्लब के तत्वावधान में पेंशनर्स समाज भवन में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित राष्ट्रीयता से ओतप्रोत काव्य गोष्ठी का श्रोताओं ने देर रात्रि तक जमकर लुत्फ उठाया। काव्य गोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र सिरवी पुनाडिया, वरिष्ठ पत्रकार डॉ.जे.एम.जैन की अध्यक्षता एवं क्लब के संरक्षक मानवेंद्र सिंह चौहान की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ, वही विशिष्ट अतिथि के रूप में बार संघ अध्यक्ष रवि कुमावत, उपाध्यक्ष अबरार अहमद, वंडर सीमेंट एजीएम सीएसआर हेड हेमेंद्र सिंह झाला, लाईजनिंग ऑफिसर शैलेन्द्र सिंह शक्तावत एवं पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष मानमल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में क्लब के अध्यक्ष मदननाथ सोनीगरा, उपाध्यक्ष रजनीश गोठवाल, महामंत्री मनोज सोनी, सचिव राकेश पहाड़िया, कोषाध्यक्ष अमित खण्डेलवाल, संगठन मंत्री एस.एस.अग्रवाल एवं मंचासिन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की विधिवत शुरूआत की, तत्पश्चात आयोजन में उपस्थित कवि-कवयित्रियों का मेवाड़ी परम्परा अनुसार स्वागत सत्कार किया गया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित काव्य गोष्ठी में कविगण डॉ. मुकुंद भट्ट, प्रहलाद क्रांति, वाजिद अली, संध्या पंवार, श्रीपाल सिसोदिया, कृष्णा वैष्णव, प्रतीक जैन, पंकज झा, जमील अहमद, प्रियंका सोमानी, शाहनवाज, कीर्ति जैन पाटोदी, राजेश गांधी, राकेश राजगुरु, वंदना प्रजापति, शिखा झा, डॉ. रवीन्द्र उपाध्याय द्वारा राष्ट्रीयता से ओतप्रोत विविध-विधाओं के साथ एक से बढ़कर एक काव्य प्रस्तुतियां रखीं गई। काव्य गोष्ठी का संचालन डॉ. मुकुंद भट्ट ने एवं क्लब प्रवक्ता नरेश मेनारिया ने किया। आभार महामंत्री मनोज सोनी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बार संघ सचिव अभय सर्वा, कोषाध्यक्ष शंभूलाल तेली, पुस्तकालय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोमानी, सहसचिव वसीम अहमद, पत्रकार अजय मंगनानी, दिलीप बक्शी, खुर्शीद एजाजी, अशरफ मेव, सुरेश नायक, मोइन खान, भागचंद वच्छानी, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष आरती शर्मा, नारी प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सदस्या सिम्मी खान, दिगंबर जैन समाज से ललित जैन, रौनक जैन, दिवाकर जैन समाज से राजकुमार जैन, विश्व हिंदू परिषद से नवजीत जैन, ज्योतिर्विद संजय शर्मा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख, मुकेश वैष्णव, गुलाम रसूल अहमद, शिक्षाविद् मोहनलाल पीरा सहित बड़ी संख्या में नगर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, पेंशनर्स, पत्रकार, कवि, साहित्यकार एवं प्रबुद्धजनो ने देर रात्रि तक राष्ट्रीयता से भरे कोमी एकता के परिचायक कवि-शायरो की रचनाओं को सुना और मुक्त कंठ से सराहा।

# भगवान पार्श्वनाथ एवं अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के जयकारों के साथ रवाना हुई जयपुर से श्री सम्मेद शिखरजी अन्तर्मना एक्सप्रेस

## सासंद रामचरण बोहरा ने हरी झंडी दिखाकर किया ट्रेन को रवाना




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** साधना के शिखर पुरुष 557 दिवसीय सिंहनिष्क्रीडित व्रत के साधक साधना महोदधि अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की कठोरतम महासाधना उपरांत सम्मेद शिखर जी में अभूतपूर्व महापारणा महाप्रतिष्ठा महामहोत्सव में शामिल होने हेतु जयपुर से स्पेशल ट्रेन द्वारा जाने वाले 1100 यात्रियों के दल को सांसद राम चरण बोहरा ने शहर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन ने गणमान्य श्रेष्ठिजनों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पूरा प्लेटफार्म भगवान पार्श्वनाथ एवं अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। यात्रा संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस स्पेशल ट्रेन यात्रा मे श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर द्वारा 301 समाज के निर्धन व असक्षम समाज बन्धुओं को निः शुल्क यात्रा करवाई जा रही है। इस मौके पर संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, ट्रेन यात्रा के मुख्य संयोजक शैलेन्द्र शाह'चीकू', रेलवे समन्वयक आर के जैन, संयोजक सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा,अमर चन्द दीवान खोराबीसल, विनोद जैन कोटखावदा, विनेश सोगानी, मनीष लुहाड़िया,जिनेन्द्र जैन ने सासंद एवं सभी गणमान्य श्रेष्ठीजनों का तिलक, माल्यार्पण एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। ट्रेन यात्रा की रवानगी के मौके पर समाज श्रेष्ठी अशोक चांदवाड, सुधीर कासलीवाल नमन वास्तु,प्रदीप बाकलीवाल, सुधांशु कासलीवाल,उमरावमल संघी, रमेश तिजारिया, हेमन्त सोगानी,कमल बाबू जैन,सम्पत कुमार पाण्डया, महेश काला, प्रदीप जैन, अशोक जैन नेता, सुधीर गोधा, मुकेश सोगानी,संजय जैन,विनय सोगानी, पार्षद पारस पाटनी, उजास जैन,महेन्द्र सिंघवी, डॉ शीला जैन, पुष्पा सोगानी, ऊषा दीवान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठीजन शामिल हुए। संरक्षक सुभाष चन्द जैन के मुताबिक यह रेल यात्रा दल 30 जनवरी को सम्मेद शिखरजी से वापस रवाना होकर 31 जनवरी को जयपुर लौटेगा।

# जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने बच्चो के साथ गणतंत्र दिवस मनाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने गणतंत्र दिवस आंचल बालिका गृह में बच्चों के साथ झंडारोहण कर मनाया। संस्थापक अध्यक्ष धीरज पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को लड्डू, कचोरी एवं स्टेशनरी भी वितरित किये।



श्री शांतिनाथ दिंगम्बर जैन मन्दिर प्रताप नगर सांगानेर में

# भव्य श्री मज्जिनेन्द्र शान्तिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ हुआ

## उपाध्याय श्री ऊर्जयन्तसागर जी महाराज के सानिध्य मे गर्भ कल्यणक की क्रिया से प्रारंभ हुआ भव्य पंचकल्याक

## भव्य घट यात्रा एवं श्री जी शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

धर्म नगरी जयपुर शहर के दक्षिणी भाग प्रताप नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिंगम्बर जैन मन्दिर में भव्य श्री मज्जिनेन्द्र शान्तिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति अध्यक्ष कमलेश बावड़ी के अनुसार उपाध्याय ऊर्जयन्तसागर जी मुनिराज के सानिध्य में आयोजित हुए पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रातः 7 बजे गुरू आज्ञा, प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण, दिग्बंधन, भमिशुद्धि, जाप्य हुयें, ततपश्चात विशाल घट यात्रा के साथ श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाओं सहित समाजजनोंका जन सैलाब उमड़ पड़ा ।शोभा यात्रा में 1008 महिलाएं केसरिया परिधान में तथा पुरूष वर्ग ने धवल पोषाक पहन यात्रा की शोभा बढ़ाई। यात्रा में बैण्ड, बग्गी, हाथी, घोड़े व सम्पूर्ण लवाजमा के साथ श्री जी रथ में विराजमान थे। सोधर्म इंद्र चंवर डुला रहे थे ।शोभा यात्रा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर प्रताप नगर सैक्टर 8 से प्रारंभ होकर भामाशाह मार्ग होती हुई पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव स्थल पर पहुँची। जहाँ महिलाओं द्वारा मण्डप शुद्धि एवं वेदि शुद्धि कि गई, ततपश्चात रमेश , रोनक , मोहित शाह परिवार प्रताप नगर के द्वारा झंडा रोहण किया गया। तत्पश्चात दोपहर को मण्डल आराधना पूजन व गुरू भक्ति हुई। सायंकाल आरती के उपरांत इन्द्रसभा, गर्मशोधन, नगर रचना, मात सेवा स्वप्न, दर्शन फल, रत्ववृष्टि आदि कार्यक्रम हुए। आयोजन समिति के गौरवाध्यक्ष राजेन्द्र शाह के अनुसार आज दिनांक 28 जनवरी को प्रातः जाप्य अनुष्ठान, नित्यमह अभिषेक - शांतिधारा के उपरांत उपाध्याय श्री एवं आर्यिका माताजी के मंगल प्रवचन होंगे। मन्दिर में वेदि शुद्धि, वास्तु विधान आदि आयोजन होंगे सायं काल आरती के उपरांत इन्द्र सभा महाराजा का दरबार, स्वप्न फल, 56 कुमारियों का आगमन, माता की सेवा, रत्न वृष्टि आदि कार्यक्रम होंगे।





## महिला जैन मिलन ने मिष्ठान एवं वस्त्र वितरित किये



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर टोरिया रोड पर कॉलोनी में महिला जैन मिलन द्वारा निर्धन बच्चों को मिष्ठान, बिस्किट और सर्दी से बचाव के लिए कपड़ों का वितरण किया गया। महिला जैन मिलन की अध्यक्ष शैलजा खैरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मंत्री प्रीति पाली, कोषाध्यक्ष संजू सिंघई,सदस्याएं मीनू रोकड़िया, हर्षिता जैन, योगिता जैन, मंजू टढैया, दीप्ति जैन, सुलेखा जैन आदि उपस्थित थी। कार्यक्रम में सहयोग हेतु जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष सचिन बारी एवं मनीष जैन भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर को राज्य स्तर पर किया सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान सरकार ने 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह पर ब्लड डोनर नर्सिंग ऑफिसर रामलक्ष्मण मीणा रक्तदान जीवनदान टीम बूंदी के संस्थापक को 26 जनवरी 2023 को राज्य स्तर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के निदेशक डॉ. के.एल. मीणा व निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने स्वास्थ्य भवन जयपुर में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### प्रशासन द्वारा कई बार सम्मानित

रामलक्ष्मण मीणा को इस सम्मान से पहले एक बार संभागीय आयुक्त द्वारा संभाग स्तर पर, चार बार जिला कलेक्टर महोदय द्वारा जिला स्तर पर, एक बार हाडोती गौरव सम्मान से और राजस्थान की अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

### ये हैं सामाजिक सेवाये

यह सम्मान ब्लड डोनर नर्सिंग ऑफिसर रामलक्ष्मण मीणा द्वारा सराहनीय सेवा कार्य रक्तदान शिविर(जरूरतमंद मरीजों, थैलेसीमिया, गर्भवती महिला व अन्य मरीजों की जान बचाने के लिए), रक्तवीरों के लिए सम्मानित समारोह प्रोग्राम आयोजित करना, पर्यावरण सुरक्षा हेतु



पौधारोपण, गरीब छात्रों के लिए पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाना व कोचिंग ट्यूशन फीस माफ करवाना, वृद्धाश्रम व अनाथाश्रम और हॉस्पिटल परिसर में फल वितरित करना, जरूरतमंदों को कपड़े वितरण, पक्षियों के लिए परिंदा बांधना, बेजुबान जानवरों के लिए चारा पानी डालना, खोई हुई चीजो को वापस लौटकर ईमानदारी का परिचय देना, कोरोना महामारी में कोरोना योद्धा बनकर अपनी सेवाएं देना व दोस्तों के साथ मिलकर अपने हाथों से खाना बनाकर जरूरतमंदों तक पहुंचाना जैसी अनेक सेवाओं के आधार पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

## अमृता पाठशाला में गणतंत्र दिवस पर अभिनव आयोजन



**फरीदाबाद. शाबाश इंडिया**

गुरु, प्रभु कृपा से अत्यल्प छोटे से छोटे जीव भी महान स्तुत्य कार्य कर लेते हैं व यश, सम्मान प्राप्त करते हैं। फरीदाबाद अमृता हॉस्पिटल परिसर में पूज्य अम्मा की अनुकम्पा व स्वामी निजामृता नंद जी पुरी के आशीर्वाद से संचालित अमृता पाठशाला के नन्हे नन्हे श्रमिक बच्चों ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया। जिनके माता, पिता अपने घरों हजारों किलोमीटर दूर यहाँ अमृता हॉस्पिटल में लेबर का कार्य करते हैं, जो झोपड़ियो में रहते हैं, उन बच्चों ने 74 वें गणतंत्र दिवस पर देश भक्ति के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्वामी मोक्षामृता जी, स्वामी हर्षमृता जी, कर्नल गोपाल कृष्णन, आयुध की ऊर्जावान टीम व अमृता नर्सिंग कॉलेज की उपस्थित में पाठशाला के 30 से अधिक बच्चों ने देश भक्ति की सुन्दर प्रस्तुतियाँ दे सभी का मन मोह लिया। टीम जे एस एन की समर्पित श्रीमती आरती व श्रीमती पूनम ने इन बच्चों को कई दिन मेहनत करा कर यह कार्यक्रम तैयार करवाया। स्वामी जी व अन्य सभी ने कार्यक्रम की सराहना की। बच्चों को उपहार में सुन्दर स्वेटर्स, मिठाई व फल वितरण किया गया। स्वामी मोक्षमृता जी व हर्षमृता जी ने अपने उदबोधन में पूज्य अम्मा की कृपा का उल्लेख करते हुए बच्चों को सतत प्रगति करने का आशीर्वाद दिए । सुरक्षा प्रमुख अशोक , टीम आयुध ने भी बच्चों संग आनंद व उत्साह के पल व्यतीत किये।

## संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस




### स्वेटर,फल, स्टेशनरी का किया वितरण

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव व समाज सेवा में कार्यरत संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो जयपुर की सदस्याओं ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसिंहपुरा ( कानोता) के बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। इस मौके पर संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की ओर से बच्चों को स्वेटर, फल, स्टेशनरी, चाकलेट आदि सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाज सेविका शिवानी बावरी, दिशा ठोलिया का तिलक, माला तथा प्रतीक चिन्ह चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। इस मौके पर संगिनी की सचिव अंबिका सेठी सहित दीपा गोधा, निधि जैन आदि उपस्थित रही। अध्यक्ष मैना जैन ने स्कूल के प्रधानाध्यापक , समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।



आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज समवसरण में विराजमान का भव्य दृश्य



आर. के.मार्बल्स के आवास पर तीर्थंकर महामुनि को आहारचर्या कराने की झलकियां

# आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में मदनगंज किशनगढ़ में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव में केवल ज्ञान कल्याणक की क्रियाएं हुई

## आर्यिका रत्न 105 श्री यशस्विनी माताजी ससंघ का हुआ भव्य प्रवेश

**राजा बाबू गोधा. शाबाश इंडिया**

**मदनगंज किशनगढ़।** आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में मदनगंज किशनगढ़ में चल रहे भव्य श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव में केवल ज्ञान कल्याणक की क्रियाएं हुई। इससे पूर्व प्रातः श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, बाद अष्टद्रव्यों से पूजा हुई तथा आर. के.मार्बल्स के आवास पर तीर्थंकर महामुनि की आहारचर्या हुई। बाद में कलश यात्रा, मंदिर वेदी वास्तु, तथा केवल ज्ञान संस्कार की क्रियाएं हुई, सूरी मंत्र,गुणारोपण, केवल ज्ञान की पूजा बाद समवसरण दर्शन 46 दीपकों से आरती, तथा दिव्य ध्वनि खिरने की क्रियाएं हुई ।सांयकाल शास्त्र सभा बाद भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। गोधा ने अवगत कराया कि इससे पूर्व प्रातः आर्यिका रत्न 105 श्री यशस्विनी माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ, प्रवेश पर आर्यिका श्री को बैन्ड बाजों के द्वारा जयकारों के साथ नगर भ्रमण कराते हुए मुनिसुव्रत नाथ लाया गया जहां पर मंदिर जी में जिन प्रतिमाओ के दर्शन करने के बाद आर के कम्यूनिटी सेंटर में आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ का आशीर्वाद लिया।



# विभिन्न संस्थाओं व सरकारी कार्यालयों पर किया गया ध्वजारोहण

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** गणतंत्र दिवस नगर में गुरुवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। मुख्य समारोह मिशन ग्राउंड में आयोजित हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह में उपखण्ड अधिकारी अंशुल आमेरिया ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।समारोह में नगर की शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर छावनी परिषद कार्यालय में परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर अरिन्दम मुखर्जी ने, न्यायालय भवन पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा सान्दू ने, उपखण्ड कार्यालय पर उपखण्ड अधिकारी अंशुल आमेरिया ने, तहसील कार्यालय पर तहसीलदार हितेश चौधरी ने, राजकीय सामान्य चिकित्सालय भवन पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनय कपूर ने, पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय पर पुलिस उप अधीक्षक पूनम भरगड ने, सिटी थाने में थानाधिकारी कल्पना सिंह राठौड़ ने, सदर थाने में थानाधिकारी महावीर मीणा ने, युवक पठनालय में अध्यक्ष प्रवीण चंद गदिया ने, नृसिंह गौशाला में अध्यक्ष कन्हैयालाल ने, राजकीय व्यपारीक उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक युसुफ खान ने, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका सूरजदेवी चौहान ने, छावनी परिषद द्वारा संचालित डे केयर सेंटर पर वैरिड बोर्ड सदस्य सुशील कुमार गदिया ने, जीआरपी चौकी पर प्रभारी भंवरलाल ने, आरपीएफ चौकी प्रभारी गोपालसिंह शेखावत ने, रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक नवरत्न जैन ने, गुप्तचर शाखा भवन पर मूलाराम ने ध्वजारोहण किया।



# 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वात्सलय धाम रैवासा में हुए कई देशभक्ति कार्यक्रम



**सीकर. शाबाश इंडिया**

वात्सलय धाम रैवासा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कई देशभक्ति कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीकर के पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने की। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्होंने समस्त उपस्थित अतिथिगण सहित समस्त जिले व देशवासियों को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता को नमन करते हुए मुख्य अतिथि ताराचंद भास्कर सरपंच बिंज्यासी व समाज सेवी वैभव चौधरी, संदीप चौधरी द्वारा ध्वज फहराया गया। विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धर्मराज मीणा , भाजपा प्रदेश मंत्री मधु कुमावत , गोवर्धन वर्मा पूर्व विधायक धोद, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जोशी, बाल संप्रेषण गृह अधीक्षक प्रियंका पारीक, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मधु आर्य, भाजपा जोन 2 अध्यक्ष गौरव दीक्षित थे।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार ने गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण किया





## ग्रुप की नव गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नवकार ग्रुप की प्रथम मीटिंग इंद्रलोक सभागार, भट्टारक जी की नसिया में आयोजित की गई। झंडारोहण विजय कुमार दीवान- आशा दीवान द्वारा किया गया। दीप प्रज्जवलन पदम चन्द खजांची द्वारा किया गया। शपथ विधि अधिकारी उप महापौर पुनीत कर्नावट द्वारा नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई गई। मोहन लाल गंगवाल अध्यक्ष , गिरीश कुमार जैन सचिव, कैलाश चंद सेठी कोषाध्यक्ष, मनोनित किए गए। संदीप सोगानी, महेश नगर मंडल, उपाध्यक्ष, भाजपा की भी उपस्तिथि रही। विशिष्ठ अतिथि महावीर सेठी- श्रीमती प्रेमलता सेठी एवं श्रीमती प्रमिला जैन रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रीमती कौशल्या, रानी पाटनी, साधना गोधा, राजकुमारी सोगानी, रतन सोगानी, एवं सुनिला पहाड़िया द्वारा बहुत बढ़िया किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली सदस्यों को ग्रुप उपाध्यक्ष,धर्मचन्द गंगवाल द्वारा चांदी का सिक्का उपहार दिया गया। मंच संचालन डॉ. सुशीला टोंग्या एवं मंच व्यवस्था श्रीमती चन्द्र कांता छाबड़ा द्वारा किया गया। मंत्री अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी एवं राष्ट्रीय परामर्शक, महेन्द्र कुमार पाटनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला, रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, रीजन महासचिव निर्मल संघी एवं पूर्व अध्यक्ष महावीर बाकलीवाल, कार्याध्यक्ष सुरेश बांदीकुई आदि की गौरवमई उपस्थिति रही। नव मनोनित अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा सभी सदस्यों का व अतिथियों का अभिवादन किया गया।

# लेकसिटी के युवा और वरिष्ठ कलाकारों ने तिरंगा फहराकर समारोहपूर्वक मनाया 74वां गणतंत्र दिवस



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** लेकसिटी में पचास वर्ष से अधिक समय से स्थापित और कला एवम कलाकारों के लिए सतत प्रयत्नशील रहने वाले प्रमुख कला केंद्र 'टखमण' परिसर में 74वें गणतंत्र दिवस पर कई वरिष्ठ कलाकारों ने प्रतिभाशाली युवा कलाकारों संग झंडारोहण कर राष्ट्रगान किया। साथ ही शहर के कई स्वतंत्रता सेनानियों को भी श्रद्धा से याद किया। युवा कलाकारों ने सभी को बदले कैलेंडर वर्ष यानि साल 2023 के साथ बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान चेयरपर्सन और वयोवृद्ध चित्रकार प्रो. सुरेश शर्मा, अध्यक्ष एल एल वर्मा, सचिव आर के शर्मा, सह सचिव संदीप पालीवाल, सीपी चौधरी, ललित शर्मा, बसंत कश्यप, छगन पटेल, दिनेश उपाध्याय, युगल किशोर शर्मा, रघुनाथ शर्मा, छोटूलाल, रोकेश सिंह, नसीम अहमद, पुष्पकांत त्रिवेदी सहित अन्य कई कलाकर उपस्थित रहे। बाद में सभी ने अल्पाहार के साथ आगामी 28 फरवरी को टखमण के 55वें स्थापना दिवस को समारोहपूर्वक मनाने को लेकर विचार विमर्श भी किया। **रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल: 9829050939**

## अन्तर्मना उवाच
## (28 जनवरी विशेष ~ जन्मोत्सव - उद्यापनोत्सव)



**सम्मेद शिखर जी।** "श्रद्धा के देवता" , आस्था के भगवान, भक्तिदर्शी, जिन धर्म के धुरिकीर्तिनीयधाम, महाव्रतों के मूर्तिमान, तप-त्याग-संयम के अगाध-अपार सागर, आर्ष परम्परा के कुशल संवाहक, सजग वात्सल्य की प्रतिमूर्ति, आचार्य अंकलीकरण आदि सागर, महावीर कीर्ति, आचार्य विमल सागर की यशस्वी सन्त परम्परा के कुलावतंस "तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर गुरुदेव के 85 वे जन्मोत्सव एवं मेरे 557 दिनों के उत्कृष्ट सिंह निष्क्रीडित व्रत की निर्विघ्न तप साधना की घडी में, आपके चरणों में नमन, वन्दन करते हुये मेरे अनन्त प्रणाम स्वीकार करें।""हे व्रतमहिमा" - हित शिक्षा के प्रेरक, प्रोत्साहन आदि का दान देकर, जिन्होंने मुझे प्रभु वचनों का शासन और "तपानुरागी" बनाया।"हे व्रतानुरागी" - मुक्ति ना मिले तब तक, विषय कषाय पर विश्वास नहीं करने की मार्मिक सीख देकर, जिन्होंने मुझे "अंतर्मुखी" बनने के लिए जागृत रखा।ऐसे गीतार्थ-तपस्वी सम्राट, महातपोमार्तण्ड, सिद्धान्त दिवाकर पूज्यपाद, "मम् आराध्य भगवन श्री सन्मति सागर जी गुरुदेव के चरणो में, त्रय भक्ति पूर्वक, अञ्जली बद्ध होकर विनती करता हूँ - कि आप सदैव मेरा ऐसा ही योगक्षेम करते रहें।" पुनः आपके चरणो मे भाव वन्दना प्रणाम करता हूँ। "॥ णमो आयरियाणं ॥" "अन्तर्मना"



# 29 जनवरी को देगा युवा वर्ग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

## ललितपुर जैन समाज के आमंत्रण पर अशोक नगर का दल रवाना

## भव्य पिच्छिका परिवर्तन की तैयारी अंतिम चरण में

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

ललितपुर में विराजमान मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ मुनिश्री पूज्य सागरजी महाराज ऐलक श्री धैर्य सागरजी क्षुल्लकश्री गंभीरसागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में होने वाले संयम उत्सव भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह की कल 29 जनवरी को अशोक नगर के युवा समाजसेवी संस्था श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग द्वारा अंचल की संस्कृति को समेटकर भव्य पिच्छिका परिवर्तन होगा ।

### पिच्छिका परिवर्तन में ललितपुर की संस्कृति को दर्शाया जायेगा - विजय धुर्रा

जैन युवा वर्ग के संरक्षक विजय धुर्रा ने बताया कि ललितपुर जैन समाज के आमंत्रण पर नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग की सौ सदस्यीय दल आज रात में ललितपुर के लिए रवाना हो रहा है यहां उन्नतिस जनवरी को नहर किनारे गल्ला मंडी के विशालकाय पंच कल्याणक महोत्सव के विशाल सभा मंडप में संगीत के साथ एक नये अंदाज में संयम के महान उपकरण पिच्छिकाओ का परिवर्तन संयम के ब्रत ग्रहण करने वाले श्रावको भेट करने का सौभाग्य प्राप्त होगा । वहीं जो आजीवन संयम के व्रत ग्रहण करेगा उसे परम पूज्य के हाथों में रही पुरानी



पिच्छिका लेनें का सौभाग्य प्राप्त होगा ।

### विस्तारित टीम दे रही है अंतिम रूप

पिच्छिका परिवर्तन में विभिन्न झांकियों को चातुर्मास के रूपको संस्कृतिक गति विधियों समाजिक वातावरण से जोड़ कर सुन्दर रूप देने के लिए सुलभ अखाई, सचिन ऐन एस, मोहित मोहरी, रितेश वेल ई, कल्लू भाई, मनीष सिंघई, अंकित, छाया, मंटू, नीरज तेल, शुभम कासल, अभिषेक ठेकेदार, प्रदीप कढरया, जे की अखाई शैलू आलीशान , नीरज पठा, संचित दीपू सहित अन्य सदस्यों की टीम गठित की गई है । इसके साथ ही शैलेन्द्र श्रागर के नेतृत्व में पवन वर्तन, विनोद मोदी, मनीष सिघई, राहुल सिघई, चन्द्रेश वासल, शैलेन्द्र दददा, नितिन बज की टीम का मार्ग दर्शन में रखा गया है ।

### होगी संगीत के साथ नृत्य प्रस्तुति

लगातार चार घंटों तक चलने वाले भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह में अशोक नगर बालिका मंडल द्वारा भव्य नृत्यो संगीत मय प्रस्तुति जैन धर्म के विभिन्न भंजनो पर दी जायेगी इस हेतु तैयारियां चल रही है । समारोह के पहले विशाल शोभायात्रा निकाली जाएंगी।

# जैन सोश्यल ग्रुप अप टू डेट ने मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप अप टू डेट ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति से ओतप्रोत तरानों की एक शाम का आयोजन किया। यह जानकारी देते हुए ग्रुप अध्यक्ष ज्ञानचंद -ममता जैन और सचिव विवेक-कविता कासलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक अजय-मोना जैन और मनोज-साक्षी जैन रहे। सुदेश गोदिका , अजय जैन और मनोज जैन की प्रस्तुति ने लोगों में जोश भर दिया। ग्रुप उपाध्यक्ष विकास-डिंपल जैन, जिनेन्द्र -आशिमा जैन , नरेंद्र -स्वाति जैन, विशांत- भानुप्रिया , राजीव-अंजू जैन आदि अनेक ग्रुप सदस्य उपस्थित रहे।

# नेमीसागर जैन मंदिर का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, नेमीसागर कालोनी का 23वां वार्षिकोत्सव बसंत पंचमी दिनांक 26 जनवरी को मनाया गया । इस अवसर पर प्रातःकाल में नेमीनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा कर विश्व शान्ति एवं देश की समृद्धि की मंगल कामना की गई। वार्षिकोत्सव समारोह का झण्डारोहण डी सी जैन एवं परिवार द्वारा तथा दीप प्रज्जवलन हंसराज गंगवाल एवं परिवार द्वारा किया गया। श्री नेमीनाथ विधानमण्डल पूजन का संगीतमय आयोजन किया गया, जिसमें संगीतकार आदि जैन एवं पार्टी तथा विधानाचार्य पं. रमेश जैन थे। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे. के. जैन कालाडेरा ने बताया कि समारोह में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर समाज सेवी अनिल जैन धुआ वालो द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं ललित गंगवाल एवं परिवार द्वारा मिष्टान्न वितरण किया गया।